भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1473

जिसका उत्तर 09 दिसंबर, 2024 को दिया जाना है

कोयला खंड आबंटन

1473. श्री विवेक के. तन्खा:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2019 से अब तक केन्द्र सरकार ने कितनी बार कोयला खंडों की नीलामी की है;

(ख) इसका वर्ष-वार, किश्त-वार और नीलामी-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) प्रत्येक किश्त के लिए कितनी बोलियां प्राप्त हुईं और पहले दौर में कितने के लिए कोई बोलियां प्राप्त नहीं हुईं;

(घ) क्या यह सच है कि कई खंडों के लिए पहले दौर में कोई बोलियां प्राप्त नहीं हुईं और दूसरे दौर में उन्हें कम दर पर आवंटित किया गया; और

(ङ) यदि हां, तो ऐसे सभी खंडों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला एवं खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : वर्ष 2019 से, कोयला मंत्रालय ने विनिर्दिष्ट अंत्य-उपयोग के लिए नीलामी के 3 दौर और वाणिज्यिक खनन के लिए नीलामी के 10 दौर आयोजित किए हैं।

(ख) और (ग) : वर्ष-वार, दौर-वार विवरण नीचे दिया गया है: -

वर्ष	**नीलामी का प्रारंभ**	**पेशकश की गई खानों की संख्या**	**कुल प्राप्त बोलियों की संख्या**	**खानें जहां पहले प्रयास में कोई बोली प्राप्त नहीं हुई**
2019-20	दौर 8 (निर्दिष्ट अंत्य उपयोग के लिए-)	20	32	7
	दौर 9 (निर्दिष्ट अंत्य उपयोग के लिए-)	6	6	2

	दौर 10 (निर्दिष्ट अंत्य उपयोग के लिए-)	1	7	0
2020-21	राउंड 1 (वाणिज्यिक खनन)	38	76	15
	राउंड 2 (वाणिज्यिक खनन)	67	34	48
2021-22	राउंड 3 (वाणिज्यिक खनन)	88	53	68
	राउंड 4 (वाणिज्यिक खनन)	99	26	88
	राउंड 5 (वाणिज्यिक खनन)	109	28	93
2022-23	राउंड 6 (वाणिज्यिक खनन)	133	86	101
	राउंड 7 (वाणिज्यिक खनन)	98	34	81
2023-24	राउंड 8 (वाणिज्यिक खनन)	35	7	31
	राउंड 9 (वाणिज्यिक खनन)	27	33	14
2024-25	राउंड 10 (वाणिज्यिक खनन)	61	43	45

(घ) और (ङ) : ऐसी कई खानें हैं जिनकी नीलामी के पहले राउंड में कोई बोली प्राप्त नहीं हुई थी। तथापि, यदि किसी खान को 2 प्रभावी बोलियों से कम बोली प्राप्त होती हैं तो नीलामी प्रक्रिया रद्द कर दी जाती है और ऐसी खान को 4% के मानक निम्नतम मूल्य अथवा नीलामी के पहले राउंड में प्राप्त अधिकतम बोली मूल्य पर पुनः दूसरे राउंड में पेश किया जाता है। इसलिए नीलामी के दूसरे राउंड में अपेक्षाकृत कम मूल्य पर कोई खान आबंटित नहीं की जाती है।

****